# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## सितम्बर 2018




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

## जन जागरुकता हेतु 178256 पाम्पलेट का वितरण किया गया

**भिलाईनगर/** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम भिलाई द्वारा डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु प्रभावित वार्ड एवं अन्य वार्डों में निगम द्वारा विभागीय एवं प्लेसमेंट तथा अतिरिक्त लगाये गये सफाई कामगारों एवं श्रमिकों के माध्यम से 05अगस्त से 10 सितम्बर तक 115799 कूलर खाली कराये गये एवं 8708 कूलर को उतरवाया गया। स्प्रे पम्प से टेलीफास का छिडकाव 129511 स्थानों में कराया गया, फागींग मशीन से 6486 स्थानों एवं 704 स्कूल, 545 आंगनबाड़ी केन्द्रो में किंगफाग का धुआं छोड़ा गया। 840698 मीटर नालियों की सफाई की गई है। जन जागरुकता हेतु 178256 पाम्पलेट का वितरण किया गया। विभिन्न समाजसेवी संस्थान, निजी चिकित्सा संस्थान, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एस.एच.जी. ग्रुप के सदस्यों, पी.वी.टी. के बच्चों के सहयोग से 2367 रैली निकाली गई और कन्ट्रोल रुम से प्राप्त होने वाले शिकायतों का प्रतिदिन निराकरण किया जा रहा है। डेंगू के रोकथाम के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु होर्डिंग्स204, कटआउट 1692 एवं फ्लैक्स 100, स्टैण्डिक होर्डिंग्स 75 विभिन्न क्षेत्रों में लगाया गया है। आज दिनांक 10 सितम्बर 2018 को डेंगू के नियंत्रण हेतु नगर पालिक निगम भिलाई के द्वारा अब तक 561 कूलर खाली कराये गये एवं 54 कूलर को निकलवाया गया। 3038 स्थानों में स्प्रे पम्प से मैलाथियान/टेमिफास का छिड़काव, 165 स्थानों में एवं 15 स्कूल, 9 आंगनबाड़ी केन्द्रो में फागींग के धुएं का छिड़काव कराया गया।





## आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी ने वार्ड 20 बैकुण्ठधाम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया

**भिलाईनगर/** नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी द्वारा आज जोन 03 क्षेत्रान्तर्गत वार्ड 20 बैकुण्ठधाम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम बनाकर घर-घर सर्वे कर डेंगू से बचाव हेतु नागरिकों को जानकारी दी गई। आयुक्त महोदय द्वारा देखा गया कि कुछ स्थानों पर गड्ढो में पानी जमा हो गया जिसमें मलेरिया आयल डालने के निर्देश दिये गये। बैकुण्ठधाम उपस्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर डाक्टरों से मुलाकात की गई मुलाकात के दौरान डेंगू के कितने मरीज भर्ती है तथा कहां से नये मरीज ज्यादा प्राप्त हो रहें हैं की जानकारी प्राप्त की गई और उनके उपचार हेतु दवाईयां उपलब्ध है कि नहीं की जानकारी ली गई। वार्ड में स्थित सुलभ शौचालय का निरीक्षण किया गया जिसमें सफाई व्यवस्था सहीं नहीं पाये जाने के कारण केयरटेकर को बुलाकर फटकार लगाया गया एवं ऐसी स्थिति पाये जाने पर ठेकेदार के उपर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये साथ ही ठेका निरस्त करने का भी निर्देश दिये गये ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो सके यह सुनिश्चित करने के निर्देश जोन आयुक्त को दिये। सभी शौचालयों को व्यवस्थित करने के भी निर्देश आयुक्त महोदय द्वारा दिया गया। भ्रमण के दौरान जोन आयुक्त बी0के0 देवांगन, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक व्ही0के0 समुवल, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक अनिल मिश्रा,सहित स्वच्छता पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।



## आयुक्त महोदय ने 24 सुविधा केन्द्र में स्थित फीड बैक मशीन का बटन दबाकर देखा काम करता है या नहीं

**भिलाईनगर**/नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री एस0के0 सुन्दरानी ने आज भिलाई नगर, कोसानगर रेल्वे स्टेशन के पास स्थित स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 की तैयारी का जायजा लिया। आयुक्त महोदय एवं टीम द्वारा सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों, एवं24 सुविधा केन्द्र का निरीक्षण किया गया जिसमें शौचालयों के मुलभुत सुविधाओं के आधार पर रैंकिग किया जाना है। जैसे- पानी की उपलब्धता, नहाने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग ब्लाॅक, बच्चों एवं दिव्यांगों के लिए अतिरिक्त व्यवस्था के आधार पर शहर में स्थित सामुदायिक, सार्वजनिक शौचालयों के निरीक्षण के उपरान्त अंक दिये जायेंगे इन अंको के आधार पर सर्वश्रेष्ठ शौचालय का चयन किया जायेगा। आयुक्त महोदय द्वारा भिलाई नगर रेल्वे स्टेशन के समीप जोन 01 क्षेत्रान्तर्गत स्थित 24 सुविधा केन्द्र, एवं आसपास की सफाई व्यवस्था व वृक्षारोपण, को देखकर संतुष्ट हुए सिटी बस डिपो का भी निरीक्षण किया गया जिसमें बसों को रखने हेतु जगह की व्यवस्था का जायजा लिया गया साथ ही शेष बचे कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने, एवं बस डिपो को प्रारम्भ करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये गये। एसएलआरएम सेंटर चिन्हित करने हेतु जोन आयुक्त संजय बागड़े को निर्देशित किया गया। आयुक्त महोदय द्वारा सभी जोन आयुक्त को शौचालयों की व्यवस्था सुधारने हेतु पूर्व में निर्देश दिये जा चुके हैं।






# अमृत मिशन योजना अंतर्गत निगम क्षेत्र में 10 नग उच्चस्तरीय जलागार एवं स्वच्छ वाहिनी पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया

**भिलाईनगर/**अमृत मिशन योजना अंतर्गत निगम क्षेत्र में 10 नग उच्चस्तरीय जलागार एवं स्वच्छ वाहिनी पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। उच्चस्तरीय जलागार एवं पाईप लाईन का हाइड्रो टेस्ट करने के लिए सुपेला चौक एवं गौतम नगर उच्चस्तरीय जलागार हेतु होण्डा शोरुम आईटीआई खुर्सीपार के पास पुरानी पाईप लाईन से नये पाईप लाईन का इंटरकनेक्शन कार्य 28 सितम्बर की रात्रि से 01 अक्टुबर तक किया जाना है जिसके लिए उक्त तिथियों में जलशोधन संयंत्र से निगम क्षेत्र में जलप्रदाय व्यवस्था बाधित रहेगी। इंटरकनेक्शन कार्य के दौरान ट्रैफिक पुलिस को भी सूचना दी जायेगी कि जहां पर कार्य चल रहा है वहां पर ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु रुप से हो ताकि आम नागरिकों को आवागमन में कोई परेशानी का सामना करना न पड़े। पानी सप्लाई बंद करने के तुरंत बाद पाईपों से पानी खाली करने का कार्य प्रारम्भ हो जायेगा, ताकि इंटरकनेक्शन का कार्य आसानी से किया जा सके। सभी प्रकार के सामग्री की व्यवस्था पूर्व से कर ली गई है निगम प्रशासन द्वारा कोशिश यह रहेगी कि 03 दिवस का कार्य 02 दिवस में पूर्ण कर लिया जाये तथा कार्य करने में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो इसकी व्यवस्था सभी जोन आयुक्तों को अधीक्षण अभियंता सत्येन्द्र सिंह जलकार्य द्वारा कार्यपालन अभियंता जलप्रदाय को दी गई है।



## नगर पालिक निगम भिलाई मुख्य कार्यालय सभागार कक्ष में आयोजित कौशल प्रशिक्षण हेतु काउंसलिंग सम्पन्न

**भिलाईनगर/**ग्राम स्तरीय एवं वार्ड स्तरीय आयोजित एकीकृत आजीविका अभियान शिविरों में चिन्हांकित अभ्यार्थियों का काउंसलिंग एवं ट्रेड निर्धारण हेतु दिनांक 28-09-2018 को नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सभागार कक्ष में कौशल प्रशिक्षण के लिए चिन्हांकित एवं आजीविका एप्प में पंजीकृत युवाओ का ICT, Retail, BFSI Sector, Agriculture Animal Husbandry, Fisheres, Hospitality, Food Processing Corse में काउंसलिंग एवं परामर्श शिविर आायोजीत किया गया। जिलाधीश महोदय के मार्गदर्शन में जिले में निर्मित आजीविका एप्प के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण व स्वरोजगार के लिए इच्छुक युवाओं को चिंहांकित कर पंजीकृत किया गया है एवं एस.एम.एस के माध्यम से काउंसलिंग के लिए सूचित किया गया है। आजीविका केन्द्र में अभ्यार्थियों का ट्रेडवार काउंसलिंग का प्रावधान है। उक्त काउंसलिंग में श्री एस.के. सुन्दरानी, आयुक्त महोदय द्वारा उपस्थित युवाओ को सम्बोधित करते हुए प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित कोर्स की जानकारी प्राप्त कर रूची के अनुसार टेªड चयन करने की सुझाव दिया गया एवं जिला कौशल विकास अभिकरण दुर्ग द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ ने संबंधित कोर्स की काउंसलिंग कार्यक्रम में उन्मुखीकरण किया गया एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुतिकरण दिया गया। संबंधित कोर्स के प्रशिक्षण प्रदाता संस्था द्वारा भी ICT, Retail, BFSI Sector, Agriculture Animal Husbandry, Fisheres, Hospitality, Food Processing Corse के संबंध में उपस्थित हितग्राहियो का उन्मुखीकरण किया गया। एकीकृत आजीविका अभियान के अंतर्गत तैयार की गई आजीविका पोर्टल में कम्प्यूटर सेक्टर के पंजीकृत कुल हितग्राहियों में से 325 हितग्राही द्वारा उक्त काउंसलिंग कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज करा कर जानकारी प्राप्त किया। एकीकृत आजीविका अभियान शिविर के अंतर्गत दिनांक 29-09-2018 को Electrical, Electronics, Constructions, Plumbing, Sequrity, AC Repair, Automotive Repair, Capital Goods तथा में प्रातः 10-00 बजे से 11-00 बजे तक हितग्राहियों का पंजीयन 11-00बजे से 12-00 बजे तक उन्मुखीकरण 12-00 बजे से 12-30 बजे तक Technical Counselling Batch formation, 12-30 बजे से 02-00 बजे तक Technical Presentation किया जायेगा।

# स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत निकाली गई रैली

**भिलाईनगर/**नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस0के0 सुंदरानी के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम भिलाई के जोन 06 अंतर्गत वार्ड 44 टंकी मरोदा व सेक्टर-05 स्कूल में स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल के छात्र-छात्राएं व स्काउड गाईड के विद्यार्थी, एवं शिक्षकगण द्वारा रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश देते हुए सुखा कचरा एवं गीला कचरा के संबंध में व कचरा का पृथक्कीकरण करके कम्पोस्ट खाद बनाने के बारे में जानकारी के साथ बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा शपथ ग्रहण किया गया जिसमें स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता पर्यवेक्षक मंगल दास टंडन, सतीष देवांगन द्वारा स्वच्छता संबंधित शपथ दिलाया गया। जिसमें बच्चे काफी उत्साहित थे। स्वच्छता ही सेवा की कड़ी में नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा स्कूलों में चित्रकला प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें स्कूली बच्चों द्वारा स्वच्छता पर आधारित चित्रकला बनाई एवं स्वच्छता के महत्व को चित्रकला द्वारा समझाया इस अवसर पर सभी बच्चों ने जोर-शोर से हिस्सा लिया एवं कार्यक्रम को सफल बनाया, स्वच्छता के प्रति बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा निर्मित खुले में शौच मुक्त पर आधारित फिल्म''हल्का'' की फ्री टिकट बच्चों को वितरित किया गया जो कि 30 सितम्बर को अप्सरा टाकिज दुर्ग में सुबह 9 बजे प्रदर्शित होगी, सभी बच्चों में फिल्म को लेकर बहुत उत्साह है। इस अवसर पर निगम के अधिकारी, कर्मचारी एवं पी.आई.यू./पी.एम.यू. की टीम उपस्थित थी।



# छ0ग0 सार्वजनिक वितरण प्रणाली का सोसल आडिट

**भिलाईनगर/** छ0ग0 सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पारदर्शिता एवं जवाबदेही) नियम 2017 के अध्याय 3 की कंडिका 4 (2) (ग) में दिये गये प्रावधान के संदर्भ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली तथा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अभिलेखों की सामाजिक अंकेक्षण कराये जाने के संबंध में खाद्य विभाग दुर्ग के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्र में कुल 14़6 राशन दुकानों का जांच 01 अक्टुबर से 04 अक्टुबर तक प्रत्येक राशन दुकानों में निगम द्वारा गठित सर्वेदल द्वारा किया जायेगा। दल में 109 जांच सदस्य 06 नोडल अधिकारी एवं 9 सहायक नोडल अधिकारी को यह जिम्मेदारी दी गई है। पुरे निगम भिलाई क्षेत्र के लिए श्रीमती एफ.एन. द्विवेदी सहायक खाद्य अधिकारी को प्रमुख नोडल अधिकारी व नगर पालिक निगम, भिलाई प्रभार क्षेत्र के श्रीमती पवित्रा अहिरवार, श्रीमती दीपा वर्मा खाद्य निरीक्षक को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। नगर निगम आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने निर्देशित किया था जिसमें फुड अधिकारी द्वारा 11बिन्दुओं पर चर्चा की गई, सामाजिक संपरीक्षा हेतु अभिलेख में उचित मुल्य दुकान में प्राप्त राशन सामग्री वितरण का 06 माह का माहवार गोसवारा, उचित मुल्य दुकान में संधारित 06 माह की स्टाक पंजी, उचित मुल्य दुकान में 06 माह की वितरण पंजी, 06 माह की राशन सामग्री प्राप्तिसंबंधी डिलवरी आर्डर एवं ट्रक चालान की प्रति, उचित मुल्य दुकान से संलग्न राशनकाडधारियों की अद्यतन सूची, प्रारंभिक मात्रा, माह के आबंटन एवं भण्डारित मात्रा आदि की जानकारी का निगम द्वारा गठित सर्वेदल द्वारा निरीक्षण किया जायेगा।



## आयुक्त महोदय की उपस्थिति में प्रेसवार्ता के दौरान चिकित्सको से चर्चा की गई।

**भिलाईनगर/** जिलाधीश महोदय उमेश अग्रवाल द्वारा डेंगू नियंत्रण हेतु पृथक से लिये गये बैठक में दिये गये निर्देशानुसार- आयुक्त महोदय की उपस्थिति में आज दिनांक को प्रेसवार्ता के दौरान चिकित्सको से चर्चा की गई। जिस क्षेत्र में डेंगू के नये मरीज पाये जा रहे हैं उन क्षेत्रों की मैपिंग किये जाने के निर्देश कलेक्टर महोदय द्वारा दिये गये हैं जिसपर त्वरित अमल करते हुए आयुक्त महोदय ने मैपिंग तैयार करवाई तथा सभी संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों, चिकित्सको को मैंपिंग वितरित की गई इसी मैपिंग के आधार पर जिस क्षेत्र से डेंगू के नये मरीज प्राप्त हो रहें हैं उन क्षेत्रों में एएनएम व निगम प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा उस क्षेत्र को डेंगू रहित किये जाने हेतु सघन अभियान चलाया जायेगा। स्प्रे पम्प से टेलीफास का छिडकाव 193476 स्थानों में कराया गया, फागींग मशीन से 18005 स्थानों एवं 838 स्कूल, 653 आंगनबाड़ी केन्द्रो में किंगफाग का धुआं छोड़ा गया। 1288103 मीटर नालियों की सफाई की गई है।




**Editorial Board**

श्री एस.के. सुन्दरानी
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई



**Contact & Address**

श्री सुभाष ठाकुर
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई